उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 12.12.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साप्ताहिक परेड एवं पुलिस लाइन महोबा का विस्तृत निरीक्षण

आज दिनांक 12.12.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन, महोबा में आयोजित शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। तदोपरांत परेड की सघन जांच-पड़ताल करते हुए पुलिस कर्मियों की परेड कराई गई।

## परेड एवं शारीरिक फिटनेस कार्यक्रम

पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने हेतु परेड के उपरांत दौड़ लगवाई गई।
प्रशिक्षण हेतु आए नवचयनित रिक्रूट आरक्षीगण की पीटी/परेड का निरीक्षण किया गया।
प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, व्यवहार-कुशलता एवं पुलिस सेवा के नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ब्रीफ किया गया।
फिटनेस ड्रिल के दौरान नवचयनित आरक्षियों का शारीरिक परीक्षण भी लिया गया।
परेड उपरांत ट्रेनिंग उस्ताद को निर्देशित किया गया कि वे रिक्रूट आरक्षियों को सभी आवश्यक प्रशिक्षण बिंदुओं से समुचित रूप से अवगत कराएँ।

## पुलिस लाइन महोबा का विस्तृत निरीक्षण

साप्ताहिक परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा का समग्र निरीक्षण किया गया।

पुलिस लाइन स्थित मैस का गहन निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा गया।
ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों हेतु उपलब्ध भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया।

इसके अतिरिक्त क्वार्टर गार्द, बैरक, परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन परिसर की अन्य इकाइयों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन भवनों एवं परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को साफ-सफ़ाई एवं समुचित व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
निर्देशित किया गया कि पुलिस लाइन परिसर में उच्च स्तर की स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं की निरंतरता सुनिश्चित की जाए।

## अर्दली रूम एवं दस्तावेजों की जांच

साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अर्दली रूम लिया गया तथा गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 12.12.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 12.12.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक- 11.12.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उ0नि0 पवन गौड़, का0 राममिलन के नेतृत्व में टीम ने देखभाल क्षेत्र भ्रमणशील रहते हुए चेकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रकाश अनुरागी उम्र करीब 26 वर्ष नि.ग्राम गहावरा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को हरपालपुर मोड़/तिराहे के पास बने यात्री प्रतीक्षालय के सामने बहद कस्बा व थाना पनवाड़ी से गिरफ्तार किया गया, इस दौरान अभियुक्त वीरेन्द्र उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 253/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करके माननीय न्यायालय महोबा भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रकाश अनुरागी उम्र करीब 26 वर्ष नि.ग्राम गहावरा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर

### बरामदगी-

01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज

### गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ0नि0 पवन गौड़ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2. का0 राममिलन थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-


पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 12.12.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने मान0 सि0ज0(जू0डी0)एफ0टी0सी0/महिला कोर्ट महोबा के द्वारा निर्गत परिवाद सं0 421/2021 केश नं0 30/2016 धारा 498ए/323/506 भादवि व 4 डीपी एक्ट थाना महोबा से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त सतेन्द्र पुत्र भइयालाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सतौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम सतौरा से नियमानुसार गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उदेवीशंकर मिश्रा थाना महोबकंठ जनपद महोबा 0नि0
2. कां अमित कुमार 0

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सतेन्द्र पुत्र भइयालाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सतौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 12.12.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## “मिशन शक्ति 5.0 : जनपद महोबा में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सतत प्रयास”

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 12.12.2025 को जनपद महोबा में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायतों एवं समुदायों में चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित एवं विधिक निस्तारण हेतु जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के उद्देश्यों—महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन—को जन-जन तक पहुँचाने के लिए टीमों द्वारा सतत प्रयास किए गए।

थानों की एंटी-रोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीमों ने बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद के थानों में संचालित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की।

साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों तथा महिला सुरक्षा कानूनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। कार्यक्रमों के दौरान निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइनों महिला हेल्पलाइन : 1090, आपातकालीन सेवा : 112, चिकित्सा सहायता : 108, बाल सहायता नंबर : 1098, साइबर हेल्पलाइन : 1930, साइबर शिकायत : cybercrime.gov.in की जानकारी भी दी गई।

इन सेवाओं के उपयोग हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि पुलिस हर समय उनके साथ है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के माध्यम से महोबा पुलिस का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करना है।










## साइबर हेल्प डेस्क थाना अजनर की पुलिस टीम द्वारा गुम हुए मोबाइल को खोजकर मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द।
## "महोबा पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क निरंतर सक्रिय"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 12.12.2025 को साइबर हेल्प डेस्क थाना अजनर की टीम द्वारा साइबर संबंधी शिकायतों के निस्तारण अभियान के तहत C.E.I.R. PORTAL पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के क्रम में आवेदिका पुष्पा राजपूत पत्नी नीरेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम महुआबांध थाना अजनर जनपद महोबा का 01 अदद खोया हुआ मोबाइल बरामद कर आवेदिका को सकुशल सुपुर्द किया गया है। इस अवसर पर आवेदिका द्वारा थाना अजनर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया।

### बरामदगी विवरण-

एक अदद मोबाइल vivo कीमत 19999/- रुपये।

### साइबर हेल्पडेस्क टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री सत्यपाल सिंह
2. का0आ0 अमित कुमार 3. का0मु0 रावेश कुमार 4.म0का0 अंशू सिंह

### साइबर हेल्प डेस्क से संबंधित जनहित अपील-

यदि किसी नागरिक का मोबाइल गुम/चोरी हो जाता है तो उसको ceir.gov.in पोर्टल से आम जन नागरिक ब्लाक करा सकते हैं साथ ही यदि कोई साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह तत्काल नजदीकी थाना, साइबर हेल्प डेस्क अथवा टोल-फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे। साइबर हेल्प डेस्क पर सूचना देने से पुलिस को त्वरित कार्रवाई में सहयोग मिलता है और बरामदगी/निवारण की संभावना बढ़ जाती है। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें एवं व्यक्तिगत अथवा बैंक संबंधी जानकारी अजनबियों से साझा न करें।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 12.12.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना खन्ना का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा गया, थानाक्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था प्रभावी बनाये रखने के सम्बन्ध में दिए महत्वपूर्ण निर्देश...।

आज दिनांक 12.12.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना खन्ना का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की सभी व्यवस्थाओं, अभिलेखों और कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की सफाई व्यवस्था, बैरक, मैस, हवालात, वाहन पार्किंग तथा शौचालयों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं मानक के अनुरूप रखने के निर्देश दिए। शस्त्रागार में सुरक्षा के मानकों, शस्त्रों के रख-रखाव तथा संबंधित रजिस्टरों की जांच करते हुए उन्होंने अभिलेखों को समय पर अद्यतन रखने पर विशेष बल दिया।

इसके साथ ही अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर और फ्लाईशीट सहित महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन कर एएसपी महोदया ने इन्हें समयबद्ध रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए।

मिशन शक्ति केन्द्र/महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां दर्ज होने वाली महिला संबंधित शिकायतों की प्रक्रिया और उन पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतें स्पष्ट रूप से दर्ज हों, कार्यवाही अद्यतन हो तथा पीड़ित महिलाओं से समय-समय पर फीडबैक लेकर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने महिला बीट अधिकारियों की बीट बुक का गहन अवलोकन करते हुए बीट बुक को पूर्णतः अपडेट रखने, नियमित क्षेत्र भ्रमण करने तथा क्षेत्र की महिलाओं से निरंतर संवाद बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए।

थानाहाजा में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम चौकीदारों के साथ वार्ता कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। उन्हें उनके कर्तव्यों का बोध कराया गया तथा अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थानाक्षेत्र में प्रभावी पैदल गश्त कर स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा एवं शांति का संदेश दिया। जनता से संवाद कर उन्होंने पुलिस की ओर से सभी को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक खन्ना श्री अर्जुन सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधि. मौजूद रहे।










@MahobaPolice